## महत्वपूर्ण एवं खास

### 5 युवकों ने एक राय होकर घर में तोड़फोड़ कर मारपीट की, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सूर्य नगर गोगांव में 5 युवकों ने एक राय होकर तीन लोगों से मारपीट कर बाइक व घर में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विष्णु प्रसाद साहू 29 वर्ष सूर्यनगर गोगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आकाश, गौतम, राहुल, विकाश व छुमना ने एक राय होकर प्रार्थी व उसके साथी लच्छीराम साहू, दीपक साहू व अन्य से गाली-गलौज कर मारपीट किया। साथ ही आरोपियों ने प्रार्थी के घर व बाइक में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब पीने के दौरान युवक की हत्या

**बिलासपुर (आरएनएस)।** शराब पीने के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। हमलावर ने शराब की बोतल से युवक पर वार किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। यह घटना तारबाहर थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड की है। जानकारी के अनुसार, सीएमडी कालेज के पास चंदुआभाठा में रहने वाला राहुल सिंह निजी संस्थान में काम करता था। बीती रात वह अपने कुछ दोस्तों के साथ पुराना बस स्टैंड की ओर गया। जहां दोस्तों के साथ बैठकर वह शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका एक युवक से विवाद हो गया। विवाद के दौरान युवक ने शराब की बोतल तोडक़र राहुल की गर्दन पर वार कर दिया। हमले में राहुल लहूलुहान हो गया, उसने भागने की कोशिश की, लेकिन करीब 50 मीटर दूर जाकर गिर गया, गले में हुए हमले के कारण राहुल ने वहीं पर तड़पकर दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हत्या की जानकारी लगते ही एसपी रजनेश सिंह और पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस की टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर हत्यारे की जानकारी जुटानी शुरू की, लेकिन अब तक हत्यारे का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### पुरानी रंजिश पर की युवक की हत्या

**रायपुर (आरएनएस)।** पुराने विवाद के चलते शहर के गुढिय़ारी इलाके के रामनगर में एक युवक ने दूसरे युवक की हत्या कर दी है। हत्यारे का नाम भूपेंद्र 30 वर्ष है, वहीं मृतक वासु उर्फ सूरज सिन्हा है। आरोपी ने मृतक के सिर पर गमला मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भोपू उर्फ भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, वासु और भूपेंद्र दोनों ही रामनगर इलाके में मजदूरी का काम करते थे। इनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो रविवार को हिंसक घटना में बदल गया। हत्या के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी और आरोपी को हिरासत में ले लिया। रामनगर चौकी की पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। पुलिस आरोपी भूपेंद्र यादव से पूछताछ कर रही है और हत्या के पीछे के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृत की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही. प्रत्यक्षदर्शी डोमेश्वर साहू ने बताया कि वह सिलतरा की फैक्ट्री में काम करने जा रहा था, उसके कुछ दूर आगे एक दोपहिया भी रायपुर की तरफ जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उस दोपहिया को टक्कर मारी और रौंदते हुए फरार हो गया. उसने मृतक और उसके दोपहिया का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर किया, ताकि मृतक की शिनाख्त हो सके. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. 112 वाहन से मृतक का शव धरसीवा के चीर घर लाया गया. मृतक का बाइक नंबर सीजी 22 व्ही 9510 है. मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वाइन फ्लू वार्ड बनकर तैयार, चिकित्सक, कर्मचारी तैनात

**एक पखवाड़े के भीतर जिले के 10 लोग हुए संक्रमित**

**कोरबा ।** आरएनएस



प्रदेश के कई जिलों में मलेरिया व डेंगू के पैर पसारने के बाद स्वाइन फ्लू (H1N1 वायरस) का संक्रमण बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में स्वाइन फ्लू से 6 लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। कोरबा जिले में भी पखवाड़े भर के भीतर 5 लोग स्वाइन फ्लू संक्रमित मिले। वहीं कोरबा के ही 5 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि रायपुर में इलाज के दौरान जांच में हुई। इस तरह अब तक जिले के 10 लोग संक्रमित हो चुके हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि उनमें से 7 केस में मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। एक्टिव केस 3 है और उनमें से 2 का इलाज कोरबा के निजी अस्पताल में व 1 मरीज का एम्स रायपुर में चल रहा है। लगातार बढ़ते केस को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल कॉलेज प्रबंधन अलर्ट मोड पर आ गया है। मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल में प्रबंधन ने स्वाइन फ्लू मरीजों के उपचार के लिए 20 बिस्तर का स्वाइन फ्लू वार्ड तैयार कर लिया है। इसके लिए छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत भास्कर को नोडल अधिकारी बनाते हुए चिकित्सक, कर्मचारी की तैनाती कर दी है। हालांकि अभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक भी स्वाइन फ्लू के केस नहीं पहुंचे हैं।

सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी ने बताया की जिले में अभी स्थिति सामान्य है। स्वाइन फ्लू के रोकथाम व संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए तैयारी कर ली गई है। आमजन को स्वाइन फ्लू के प्रति जागरूक होकर सतर्कता बरतने की जरूरत है।

**अधिकारियों ने किया निरीक्षण, बढ़ाई सुविधा**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसोलेशन वार्ड को स्वाइन फ्लू वार्ड के रूप में तैयार किया गया है। जहां आईसीयू बेड के साथ ही वेंटिलेटर व ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शनिवार को मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. गोपाल कंवर, असिस्टेंट मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रविकांत जाटवर व वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत भास्कर ने स्वाइन फ्लू वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड के सामने शेड व पीने के पानी के लिए वाटर कूलर समेत अन्य सुविधा बढ़ाई गई।

स्वाइन फ्लू (H1N1 वायरस) जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जांच किट का एक्सपायरी डेथ निकलने के कारण जांच नहीं हो पा रहा था। जांच के लिए टेस्ट किट की डिमांड मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने की थी। स्वाइन फ्लू के बढ़ते संक्रमण के लिए टेस्ट किट को अतिआवश्यक बताया था। शनिवार को सिम्स से टेस्ट किट मिल गई। अब जिले में भी टेस्ट हो सकेगा। अब तक शहर के एक निजी लैब में ही स्वाइन फ्लू (H1N1वायरस) के जांच की सुविधा उपलब्ध थी।

**इन्हें है सतर्क रहने की ज्यादा जरूरत**

स्वाइन फ्लू वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत भास्कर के मुताबिक बीपी, शुगर, कैंसर पीड़ित और बुजुर्गो सहित बच्चे, गर्भवती महिलाएं, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले, लंबे समय से बीमारी से पीड़ित व सर्जिकल मरीजों को स्वाइन फ्लू से संक्रमित होने का ज्यादा खतरा है। इसलिए सतर्क रहने की ज्यादा जरूरत है। स्वाइन फ्लू के लक्षण पाए जाने या सर्दी-बुखार और खांसी लंबे समय से है तो तत्काल टेस्ट कराएं।

**बचाव के उपाय, बरतें सावधानी**

चिकित्सको के अनुसार भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का उपयोग करें। खांसते-छींकते समय रूमाल रखें। साबून से हाथ धोएं, भरपूर पानी पीते रहें और ताजे भोजन करें। आंख, नाक और मुंह को हाथों से ना छुएं, भीड़भाड़ वाले स्थान से दूर रहने की कोशिश करें, लोगों से हाथ ना मिलाएं, स्वाइन फ्लू जैसे लक्षण या सर्दी-खांसी होने पर खुद ही डॉक्टर बनकर बिना परामर्श के दवाई ना लेवें।

## गांजा तस्करी के मामले में फ रार मुख्य सरगना हीराधर यादव गिरफ्तार

**जशपुर ।** आरएनएस

गांजा तस्करी के मामलें में लगभग दो माह से फरार मुख्य सरगना हीराधर यादव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य मामले में गुपचुप ठेले की आड़ में नशीली टेबलेट की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 144 नग नशीली टेबलेट जब्त किया गया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा गांजा तस्कर, नशीली दवाओं के तस्कर एवं पशु तस्करों की पतासाजी हेतु सायबर सेल को सम्मिलित कर विशेष अभियान चलाया गया है। जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को मुखबीर लगाकर एवं तस्करी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करने एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस साल 02 जून 2024 के शाम लगभग 07 बजे पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि लैलुंगा (रायगढ़) की ओर से कुछ लोग एक कार क्र. सी.जी. 13 ए.डब्ल्यू 4063 में भारी मात्रा में गांजा की तस्करी करते हुये कोतबा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलने पर तत्काल चौकी प्रभारी कोतबा के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर के बताय अनुसार ग्राम पीठाआमा चौक के पास नाकाबंदी कर आने-जाने वाली वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 13 ए.डब्ल्यू 4063 के चालक एवं उसमें सवार कुछ व्यक्ति पुलिस को देखकर अंधेरे एवं पानी गिरने का मौका पाकर भाग गये, पुलिस द्वारा उनके भागने पर तत्काल कार के पास जाकर घेराबंदी किया गया उक्त कार में एक 16 वर्षीय बालक मिला जो कार का गेट नहीं खुलने पर भागने में असफल रहा, पुलिस द्वारा उक्त बालक से गांजा रखने के संबंध में पूछताछ कर वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी दौरान वाहन की डिक्की में 27 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिलने पर कार सहित जब्त कर अपचारी नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया। अपचारी बालक से पूछताछ पर बताया कि उक्त गांजा हीराधर यादव का है एवं गांजा को अन्य साथियों के साथ मिलकर लैलुंगा तरफ से लाना बताया। अपचारी बालक को पूछताछ के बाद दिनांक 02.06.2024 को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपीगण फ रार चल रहे थे, जिनकी पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सोमवार को मुखबीर की सूचना पर पुलिस की विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी हीराधर यादव को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने उक्त अपराध में सम्मिलित होना स्वीकार किया है। जिसके बाद आरोपी हीराधर यादव उम्र 35 साल निवासी हल्दीझरिया थाना बागबहार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वहीं एक अन्य मामले में रविवार को कुनकुरी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दिवाकर ताम्रकार द्वारा तपकरा रोड कन्या शाला के पास अपने गुचचुप, चाट ठेला के माध्यम से अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट विक्रय कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा उसके ठेले में दबिश देकर उसके कब्जे से कुल 144 नग स्पॉज्मो पॉक्सीवान टेबलेट जब्त किया गया और पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने उक्त नशीला टेबलेट को विक्रय करने के उद्देष्य से अपने पास रखना बताया है। मामले में आरोपी दिवाकर ताम्रकार उम्र 26 साल निवासी बजरंग नगर कुनकुरी के खिलाफ धारा 22(बी) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## तीन साल बाद बांगो बांध हुआ लबालब, खोले गए पांच गेट

**कोरबा ।** आरएनएस

कोरबा समेत कोरिया जिलों में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मिनीमाता बांगो हसदेव बांध लबालब हो गया है और पांच गेट खोल दिए गए हैं। तीन साल बाद बांध के गेट खोलने की नौबत आई है।

शनिवार की देर रात बांध के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने तीन गेट खोला। रविवार की सुबह दो और गेट खोल दिए गए। लगभग 50 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। कोरिया, चिरमिरी व कोरबा में लगातार बारिश से 98 प्रतिशत से अधिक जलस्तर बढ़ गया है। हसदेव डुबान क्षेत्र में प्रशासन ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। वहीं दूसरी ओर बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को भी पूरे कुछ भी क्षमता से संचालित किया जा रहा है। उधर दर्री बराज के तीन गेट पहले ही खोल दिए गए हैं। बांगो बांध के गेट खुलने से हसदेव दर्री बाराज पर पानी का दबाव और बढ़ेगा। दर्री बाराज के कई और गेट भी खोलने की संभावना है। दोनों बांध के गेट खोले जाने की वजह से शहर के सीतामढ़ी क्षेत्र में हसदेव नदी के किनारे रहने वाले कुछ इलाकों में पानी भर गया है।

## सारंगढ़ में 27 अगस्त को जिला पंचायत संसाधन केंद्र नवीन भवन का होगा लोकार्पण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



मुख्य अतिथि ओपी चौधरी मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन वित्त वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, विशिष्ट अतिथि के आसंदी पर विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े की गरिमामय उपस्थिति में जिला पंचायत संसाधन केंद्र नवीन भवन सारंगढ़ का लोकार्पण खेलभांठा मैदान के पास 27 अगस्त 2024 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह को भी इस समारोह मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कलेक्टर धर्मेंद्र साहू ने जनप्रतिनिधियों सहित सभी नागरिकों को इस भवन के लोकार्पण समारोह के लिए आमंत्रित किया है।सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में शीघ्र ही जिला पंचायत का गठन हो जायेगा। जिला पंचायत के अस्तित्व में आने के पूर्व जिला पंचायत संसाधन केंद्र नवीन भवन सारंगढ़ का लोकार्पण होने जा रहा है।

## तेज रफ्तार स्कार्पियो पेड़ से टकराई, दो की मौत

**भिलाई-रायपुर ।** आरएनएस



थाना पाटन अंतर्गत ग्राम अरसनारा चौक के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्कार्पियो सीजी 7 सीएस 3777 के चालक ने तेज रफ्तार से पाटन से दुर्ग की ओर जा रहे थे। इस दौरान स्कार्पियों वाहन की रफ्तार काफी तेज थी अनियंत्रित हो गई। कार को चालक उतई निवासी कृष्ण कुमार राठौर चला रहा था। इसमें खुर्सीपार जोन 1 निवासी विमल कुमार, जोन 3 सडक़ 13 भीमलाल नाग, सेक्टर 2 गौरी शंकर ठाकुर सवार थे। उक्त लोग वाहन में सवार होकर अमलेश्वर से घर लौट रहे थे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। हादसे में मौके पर चालक कृष्ण कुमार और विमल कुमार की मौत हो गई। वहीं भीमलाल, गौरीशंकर घायल है। घटना की सूचना मिलने पर पाटन पुलिस तुरंत पहुची और घायलों को तुरंत उपचार के लिए भेज दिया। मृतकों के शव को मरचूरी पीएम के लिए भेजा गया। उसके बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। दुर्ग पाटन मार्ग पर अरसनारा के समीप अभी कुछ देर पहले एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई ।

स्कॉर्पियो में सवार सात लोग थे। जिनमें से स्थानीय लोगों के मुताबिक दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई हालांकि अभी पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

## ईनामी महिला नक्सली साथियों के साथ गिरफ्तार

**सुकमा-रायपुर ।** आरएनएस



जिला सुकमा में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने मुखबीर की सूचना पर एक ईनामी महिला नक्सली सहित 5 माओवादियों को धारदार हथियार, विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है।

मुखबीर की सूचना पर सुरक्षाबलों ने जगरगुण्डा-कुदेड़ मार्ग में घेराबंदी कर इन्हें पकड़ा है। ज़ब्त सामग्री सहित पुलिस द्वारा नक्सलियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया हैं। वही अन्य फरार माओवादियों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान के तहत थाना जगरगुण्डा से एक पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसके तहत ग्राम आश्रमपारा, कामापारा व सिंगाराम की और सिविल ड्रेस में टीम रवाना हुई थी। जिसमे पुलिस ने घेरा बंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया हैं। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम तेलाम गुज्जा बताया। गुज्जा नक्सल संगठन में डीएकेएमएस सदस्य के पद पर कार्य कर रहा था। वही चेकिंग के दौरान आरोपी के पास से 2 नग जिलेटिन राड, 1 मीटर कोर्डेक्स वायर, 3 मीटर बिजली वॉयर बरामद किया गया। फ़िलहाल आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। दूसरा माओवादी सर्च अभियान ग्राम मिसीगुड़ा, बेदरे व आस-पास के जंगली इलाको में हुआ। जंहा अभियान के दौरान मिसीगुड़ा के जंगल पास 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमे से एक महिला व दो पुरुष हैं। नक्सलियों को पहचान महिला उईका मोटी जगरगुण्डा एरिया कमेटी सीएनएम सदस्या, ईनामी 2 लाख रूपये ,2. डोडी भीमा मिलिशिया सदस्य जिला सुकमा तथा दोनों नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य, बताई गई हैं। पकड़े गए नक्सलियों में महिला के पास से 2 नग जिलेटिन रॉड,1 मीटर कोर्डेक्स वायर, 1 नग माचिस और पुरुषों के पास से 1 नग बीजीएल सेल, 100 ग्राम बारुद, टीकली फटाका 1 नग, बरामद किया गया। पकड़े गए सभी नक्सलियों ने अपना मकसद सुरक्षा बलों को नुक्सान पहुंचाना बताया हैं। वही नक्सलियों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# देवगांव में जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव सम्पन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



जिला खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर देवगांव में किया गया, जिसका शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर चेम्बर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष रतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के अध्यक्ष मोहन नायक की अध्यक्षता में शिक्षण समिति के जिला पदाधिकारियों की विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस प्रतियोगिता में रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले के सभी विकासखण्डों के विजेता खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 300 प्रतिभागियों को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक,अध्यक्ष रतन शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. पटेल,विद्यालय के अध्यक्ष मोहन नायक,सरपंच मुरारी नायक सहित अन्य अतिथियों द्वारा ट्राफी,शील्ड,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

रायगढ़ एवं सारँगढ बिलाईगढ़ जिले के इस प्रतियोगिता की देवगांव में बेहतर आयोजन की सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सराहना की।इस अवसर पर सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति की ओर से जिलाध्यक्ष हरिशंकर नायक,जिला समन्वयक रेशमलाल,सचिव वीरेंद्र डेहरी, अरविन्द प्रधान, शर्मा, संस्था के प्रमुख श्रीराम नायक आदि की नियमित सहभागिता रही।

इसमें आये जिले भर के प्रतिभागियों ने देवगांव में आयोजित प्रतियोगिता एवं समुचित ब्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि हमेशा के लिए यादगार रहेगा। इस आयोजन को सम्पन्न कराने में विद्यालय के अध्यक्ष मोहन नायक एवं प्राचार्य श्रीराम नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके कारण देवगांव को जिला स्तर के आयोजन के लिए चुना गया।इसके पहले यहाँ जिला स्तर की स्काउट एवं गाइड की शिविर भी लगाई गई थी जो बेहद सफल हुई थी।